<u>सेंट जॉन्स स्कूल में फेयरवेल समारोह</u>

सेंट जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल मेरठ कैंट में कक्षा 12 के छात्रों के लिए “गुड लक प्रेयर सर्विस” के साथ फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 12 की आने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रार्थना की गई। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रलेखा जैन जी के द्वारा किया गया।

फेयरवेल में सर्व धर्म समभाव की भावना को बढ़ावा देते हुएविद्यालय के चारों धर्मों के छात्रों ने अपनी अपनी धर्म पुस्तक भगवतगीता, कुरानए शरीफ, गुरुग्रंथ साहिब तथा बाइबल से कर्म करने का संदेश देते हुए, ऑस्टिन, तनीषा राज, अरीबा, तन्वी रानी ने अपने शब्दों में व्यक्त किया। मिस्टर सेंट जॉन्स शिवम सिंघल, मिस सेंट जॉन्स सिद्धि बंसल रहे। इस अवसर पर कक्षा 12 के छात्र छात्राओं को भिन्न-भिन्न टाइटल से नवाजा गया जिनमें से ऑल राउंडर आशुतोष, हंसिका, प्रिंस सिरोही, द बोनाफाइड आलिया, दानियाल, गिफ्टेड गब आशना साजी, आर्यभट्ट अभिषेक चौहान, कंप्यूटर वेज शिवम राणा, हेल्पफुल हॉट साहिल चौधरी, स्पोर्ट्स स्टार पीयूष चौधरी, रेगुलर रॉयल्स इशिका खुरानाL विक्रांत सिंह, मेनेड मेडन आकांक्षा चौहान आदि को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा 11 के छात्रों द्वारा एक डांस भी प्रस्तुत किया गया तथा विद्यालय की छात्रा ग्रेस के द्वारा एक गाने की प्रस्तुति कीगई। इस विदाई समारोह में एक खुशी एवं गम का मिलाजुला भाव प्रकट करते हुए कक्षा 12 के छात्रों ने कक्षा 11 को मशाले प्रदान की जो यह दर्शाता है कि अब हम अपनी जिम्मेदारी तुमको सकते हैं

प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रलेखा जैन जी ने सभी कक्षा 12 के छात्रों को बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने कहा, कि विद्यार्थी जीवन संपूर्ण जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। अब व्यक्ति अपने भावी जीवन की नींव रखता है और यही वह समय है जब मनुष्य में नैतिकता, भावनाओं, निर्णय क्षमता, दृढ़ निश्चय, इमानदारी आदि जीवन मूल्यों का निर्माण होता है। प्रधानाचार्य जी ने सभी बच्चों को उत्तम स्वास्थ्य अच्छे अंक उत्तम भविष्य तथा सफलता की शुभकामनाएं दी।अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

कार्यक्रम का मंच का संचालन आयुष सांगवानऔर नितिन ने किया।